# आज मनाया जाएगा गौरव, ऐतिहासिक पौराणिक और परम्परागत पर्व 'पोला'

## पशुधन का पूजन और किसानों का सम्मान सिखाता है महापर्व





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** श्री सार्वजनिक पोला उत्सव समिति बरारीपुरा द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हम हमारा पौराणिक व परंपरागत पोला पर्व बड़े ही धूमधाम और उत्साह से मनाने जा रहे है। इस वर्ष का यह पोला पर्व आज 10 सितम्बर गुरुवार को भव्यता से मनाया जाएगा।

पोला पर्व पर गुड़ी यात्रा जो लगभग सात पीढ़ियो से बरारीपुरा के कपाले परिवार द्वारा निकाली जाती रही है उसको भव्य और ऐतिहासिक बनाने का बीड़ा विगत 16 वर्षों पूर्व सार्वजनिक श्री पोला उत्सव समिति बरारीपुरा के द्वारा उठाया गया और तब से निरंतर पोला पर्व के अवसर पर आयोजित होने वाला चल समारोह(गुड़ी) यात्रा भव्य होते जा रहा है। चल समारोह व्यायाम शाला, आदिवासी नृत्य टोली, महाकाल ग्रुप के सदस्य, अघोरी व राधा कृष्ण की झांकी के रूप में ढोल बाजे के साथ निकलता है। इस वर्ष जामवंत जी की सजीव झांकी भी चल समारोह में शामिल होगी। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी एडवोकेट पीयूष शर्मा भगवान महादेव की सजीव झांकी के रूप में विशाल नंदी पर सवार हो कर चल समारोह की शोभा बढ़ायेंगे।

जय भवानी ग्रुप रोहनाकला के युवा साथी भी चल समारोह में व्यायाम शाला के माध्यम से अपने जांबाज़ और साहसिक करतब दिखायेंगे, श्री महाकाल ग्रुप के सदस्य भगवान महाकाल व उनके अघोरीओं के रूप में शिव तांडव एव राधा कृष्ण अपने नृत्य से मनमोहक प्रस्तुति देंगे।

छिंदवाड़ा पूरे मध्यप्रदेश का एक मात्र जिला है जहाँ हिंदी भाषी बाहुल्य होने के बाद भी पोला पर्व इतने ऐतिहासिक रूप से मनाया जाता है, इस पर्व को मीडिया व सोशल मीडिया के माध्यम से कवर करने हेतु हर वर्ष अनेकों पत्रकार व सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर बाहर के अनेक जिले से छिंदवाड़ा आते है।

छिंदवाड़ा के हृदय में स्थित पोला ग्राउंड के नाम भी इस पर्व के कारण पोला ग्राउंड रखा गया है क्योंकी दशकों से यह पर्व इसी मैदान में मनाया जाता है।

इस वर्ष का पोला पर्व आज 10 सितम्बर गुरुवार को भव्यता से मनाया जाएगा। चल समारोह (गुड़ी यात्रा) दोपहर 1 बजे श्री बगलामुखी माता मंदिर बरारीपुरा से निकलेगी जो दास मोहल्ला, परमात्मा एक भवन के बाजू से लाल सिंह पटेल के घर के सामने से कुक्कन चौक होते हुए बड़ा गणपति के सामने से मराठी स्कूल के सामने से राज्यपाल चौक होते हुए संघ कार्यालय के सामने से पांडेय नर्सिंग होम के सामने से मुख्य कार्यक्रम स्थल पोला ग्राउंड पहुंचेगी जहां गुड़ी पूजन, किसान सम्मान एवं सुंदर साज सज्जा वाली बैल जोड़ियों को पुरस्कार वितरण के साथ मुख्य समारोह संपन्न होगा।

**शामिल होने की अपील**

श्री सार्वजनिक पोला उत्सव समिति बरारीपुरा ने छिन्दवाड़ा नगर सहित समस्त आस्था रखने वाले भक्तों से अपील की है कि विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी इस कार्यक्रम को भव्य और ऐतिहासिक बनाये ताकि आने वाली पीढ़ियों से हमारे पौराणिक व परम्परागत पोला पर्व से अवगत हो सके।



## कलेक्टर हरेन्द्र नारायन ने राज्य सेवा मुख्य परीक्षा केन्द्र का किया निरीक्षण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा मुख्य परीक्षा- 2026 के परीक्षा केंद्र राजमाता सिंधिया शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, छिंदवाड़ा में गत दिवस कलेक्टर हरेंद्र नारायन द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। यह परीक्षा 7 से 12 सितम्बर तक आयोजित की जा रही है।

निरीक्षण के दौरान संभागीय पर्यवेक्षक एवं उच्च न्यायिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी एन.सी. नागराज, केंद्राध्यक्ष सुश्री अस्मिता मुंजे, परीक्षा प्रभारी आर.के. मेहरा तथा केंद्र पर्यवेक्षक सुरेश बटाड़ उपस्थित थे। कलेक्टर श्री नारायन ने परीक्षा के लिये निर्धारित तीनों परीक्षा कक्षों एवं कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने परीक्षा केंद्र में अभ्यर्थियों के लिए की गई आवश्यक व्यवस्थाओं, सुरक्षा प्रबंधों तथा परीक्षा संचालन संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की।

### सार-समाचार

## पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने लोधीखेड़ा रेल्वे स्टेशन पर ट्रेनों के स्टापेज बढ़ाने बिलासपुर रेल प्रबंधक को लिखे दो अहम पत्र



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने लोधीखेड़ा रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव को लेकर दो आवश्यक पत्र लिखे हैं। जिसमें उन्होंने उक्त रेलवे स्टेशन से जुड़े ग्रामों का उल्लेख करने के साथ ही पांच किमी की दूरी पर स्थित औद्योगिक क्षेत्र का उल्लेख करते हुए अधिक ट्रेनों के ठहराव से आम नागरिकों को आवागमन में होने वाली सुलभता और व्यापारिक दृष्टिकोण से होने वाले लाभों से भी अवगत कराया है।

पूर्व सी.एम. कमलनाथ ने अपने अर्द्ध शासकीय पत्र क्रमांक 318 में उल्लेख किया कि लोधीखेड़ा रेलवे स्टेशन पांढुर्ना जिले के महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों में से एक है। लोधीखेड़ा नगर एवं आस-पास के लगभग 20 ग्रामों की बड़ी आबादी आवागमन के लिए मुख्य रूप से इसी रेलवे स्टेशन पर निर्भर है और यहां से पांच किमी की दूरी पर औद्योगिक क्षेत्र भी स्थित है, जहां अनेक बड़ी-छोटी ईकाइयां संचालित है, जिनमें म.प्र., महाराष्ट्र, बिहार, उत्तरप्रदेश व ओडिशा एवं अन्य राज्यों से आकर बड़ी संख्या में श्रमिक एवं कर्मचारी कार्यरत है। क्षेत्र की जनता व व्यापारियों द्वारा लोधीखेड़ा रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं को बढ़ाने तथा ट्रेनों के ठहराव से संबंधित विभिन्न मांगें मेरे संज्ञान में लाई गई है। पूर्व में यहां 8 ट्रेनों के ठहराव की सुविधा उपलब्ध थी, लेकिन वर्तमान में सिर्फ 04 यात्री गाड़ियों का ही ठहराव है। इसके अतिरिक्त् इटारसी-टाटानगर-इटारसी एवं इटारसी-छिन्दवाड़ा मार्ग की ट्रेनों के ठहराव से भी क्षेत्र के नागरिकों को काफी सुविधा मिल सकती है। विशेष रूप से इटारसी से रीवा एक्सप्रेस, रीवा से इटारसी एक्सप्रेस, नागपुर से शहडोल एक्सप्रेस तथा शहडोल से नागपुर एक्सप्रेस का लोधीखेड़ा स्टेशन पर कम से कम 2 मिनट का ठहराव प्रदान किए जाने की मांग की गई हैं।

रेलवे स्टेशन पर रिजर्वेशन काउंटर एवं पार्सल कार्यालय की सुविधा प्रारंभ किए जाने का भी अनुरोध है। औद्योगिक क्षेत्र एवं स्थानीय व्यापारियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यह सुविधा अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। लोधीखेड़ा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म विस्तार तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप आवश्यक विकास कार्य किए जाने की आवश्यकता भी क्षेत्रवासियों द्वारा बताई गई है। स्टेशन के दोनों ओर पर्याप्त खुली भूमि उपलब्ध होने के कारण प्लेटफार्म का विस्तार की संभवना भी है। इसके अतिरिक्त क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आवागमन को देखते हुए रेल सुविधाओं का विस्तार स्थानीय अर्थव्यवस्था एवं पर्यटन के लिए भी लाभकारी होगा। कमलनाथ ने तरूण प्रकाश महा प्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय बिलासपुर, छत्तीसगढ़ एवं दीपक कुमार गुप्ता मंडल रेल प्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे किंग्सवे, नागपुर, महाराष्ट से प्रथक-प्रथक पत्र के माध्यम से आग्रह किए कि लोधीखेड़ा रेलवे स्टेशन पर उक्त एक्सप्रेस ट्रेनों सहित प्रस्तावित यात्री ट्रेनों का ठहराव प्रदान करने, रिजर्वेशन एवं पार्सल काउंटर प्रारंभ करने तथा प्लेटफार्म विस्तार व अन्य आवश्यक यात्री सुविधाओं के विकास के संबंध में सहानुभूतिपूर्वक विचार कर आवश्यक कार्यवाही करें ताकि लोधीखेड़ा सहित आस-पास के ग्रामों की जनता औद्योगिक ईकाइयों एवं व्यापारिक वर्ग को आवागमन की सुविधा सुलभ हो सकेगी।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 12 को

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा सुशांत हुद्दार के कुशल नेतृत्व में 12 सितंबर, दिन शनिवार को जिला न्यायालय छिंदवाड़ा सहित तहसील न्यायालय परासिया, चौरई, पांढुर्णा, सौंसर, जुन्नारदेव, अमरवाड़ा, तामिया एवं हर्रई में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

## सांसद विवेक बंटी साहू के प्रयासों से 8 मरीजों को इलाज के लिए मिली 4 लाख 5 हजार की आर्थिक सहायता

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू लगातार दीन:दुखियों, गरीब परिवारों और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की लगातार आर्थिक सहायता कर रहे है। हर माह गंभीर रूप बीमार मरीजों को लाखों रूपये की सहायता ईलाज के लिए उपलब्ध कराई जा रही है। सहायता राशि मिलने पर मरीजों का महानगरों और छिंदवाड़ा में बेहतर ईलाज हो रहा है। लोग भी लगातार सांसद श्री साहू से सहायता राशि के लिए गुहार लगा रहे है। जिस पर वे गंभीरता से विचार कर लोगों को सहायता राशि भी उपलब्ध करा रहे है।



सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 8 मरीजों को इलाज के लिए 4 लाख 05 हजार की आर्थिक सहायता राशि दी है। यह सहायता राशि मिलने से अस्पतालों में भर्ती आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के गंभीर मरीजों का बेहतर इलाज हो सकेगा। सांसद बंटी विवेक साहू के निवेदन पर डॉ. मोहन यादव ने ग्राम कुण्डालीकलां निवासी मनेश पिता बाला यादव को 35 हजार, ग्राम सिमरिया कलां निवासी मोतीराम पिता रामजी पवार को 50 हजार, छिंदवाड़ा निवासी सुखराम पिता झाडूलाल मोहबे को 50 हजार, रामाकोना निवासी अब्दुल कादिर पिता गफ्फार अंसारी 40 हजार, परासिया निवासी बिसनलाल पिता अवधलाल उइके को 75 हजार, जामई के ग्राम रिछेरा निवासी कुमारी निकिता पिता नरेश यदुवंशी को 75 हजार, ग्राम मोहखेड़ निवासी सालकराम पिता कंगलू माहोरे को 40 हजार एवं पांढुर्णा निवासी नानाजी पिता गुलाब सकरडे को 40 हजार की राशि स्वीकृत की है। उक्त सहायता राशि मिलने पर मरीजों एवं उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और सांसद बंटी विवेक साहू का आभार व्यक्त किया है।


## रील बनाने के चक्कर में बाइक सहित पातालकोट की खाई में गिरने से 25 वर्षीय युवक की मौत

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पातालकोट क्षेत्र के चिमटीपुर रेस्ट हाउस के पास इंटरनेट मीडिया के लिए रील बनाना एक युवक के लिए जानलेवा साबित हुआ। पहाड़ी खाई के किनारे बाइक पर स्टंट और रील बनाने के दौरान संतुलन बिगड़ने से युवक सीधे पातालकोट की गहरी खाई में जा गिरा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना में जान गंवाने वाले 25 वर्षीय युवक की पहचान सूर्यभान पिता धादी खमरिया के रूप में हुई है, जो पास ही स्थित सिधौली गांव का निवासी था। घटना के समय मौके पर मौजूद अन्य युवाओं और बच्चों ने जब सूर्यभान को बाइक सहित खाई में गिरते



देखा तो तुरंत आसपास के लोगों को इसकी खबर दी। स्थानीय निवासियों ने तत्काल पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद तामिया पुलिस बल मौके के लिए रवाना हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस टीम और मृतक का भाई स्थानीय ग्रामीणों के साथ पातालकोट की दुर्गम और गहरी खाई में उतरे। काफी तलाश और कड़ी मशक्कत के बाद शाम को युवक का शव बरामद किया गया, जिसे डोली के सहारे खाई से ऊपर लाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## श्रीराम मंदिर में धूमधाम से मनाया गया भगवान श्रीकृष्ण का छठी महोत्सव





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शहर के हृदय स्थल छोटी बाजार स्थित श्री राम मंदिर में श्रीसत्यधर्म मंडल एवं श्रीसत्य धर्म महिला रामायण मंडल के तत्वावधान में बुधवार को भगवान श्री कृष्ण का छठी महोत्सव एवं पूजन कार्यक्रम अत्यंत हर्षोल्लास, भक्ति एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

सत्यधर्म मंडल ट्रस्ट के अध्यक्ष मुकुल सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि जन्मोत्सव के उपरांत भगवान श्री कृष्ण के पावन छठी पर्व पर मंदिर परिसर में विशेष धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। छठी के अवसर पर दोपहर 2 बजे से महिला रामायण मंडल के सदस्यों एवं महिला श्रद्धालुओं द्वारा विधि-विधान से बालक श्री कृष्ण (लड्डू गोपाल जी) का पूजन-अर्चन किया गया।

ट्रस्ट के सचिव सतीश दुबे (लालाजी) ने बताया कि पूजन के उपरांत महिला रामायण मंडल द्वारा पारंपरिक सोहर. बधाई गीत एवं सुमधुर भजनों की संगीतमय प्रस्तुति दी गई, जिस पर उपस्थित महिला श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठीं। कार्यक्रम के अंत में महाआरती कर उपस्थित सभी धर्मप्रेमी बंधुओं एवं श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया।

इस पावन अवसर पर महिला रामायण मंडल की प्रमुख सदस्यों सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुनीता चौरसिया, आभा चौरसिया, नीतू सोलंकी, दीप्ति विश्वकर्मा, कमलेश शर्मा, पुष्पा चौरसिया, सुधा चौरसिया, पिंकी सेठिया, नीलम सोनी, रेखा विश्वकर्मा, दीप्ति वर्मा, निशा गुप्ता, राजेश्वरी चौरसिया सहित अनेक महिला श्रद्धालुओं की सराहनीय उपस्थिति एवं सक्रिय योगदान रहा। श्री सत्यधर्म मंडल राम मंदिर ट्रस्ट एवं महिला रामायण मंडल ने इस पावन छठी महोत्सव में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने और धर्म लाभ अर्जित करने वाली समस्त माताओं. बहनों एवं नगरवासियों का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

## पर्यावरण के संतुलन के लिए पौधरोपण जरूरी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पर्यावरण की रक्षा के लिए हमें पौधे लगाना जरूरी है, वर्तमान में जो प्राकृतिक आपदा आ रही हैं उसका कही न कही पेड़ों की कमी से संबंध है इसलिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाना चाहिये एवं उसका संरक्षण करना चाहिये, उक्त बातें महापौर विक्रम अहाके ने आर्ष सोनाखार गुरूकुल में पौधा रोपण करते हुये कहा। नगर निगम द्वारा पौधा रोपण हेतु फलदार पौधे दिये गये थे जिसमें आम, जाम एवं कटहल के पौधे लगाये गये। कार्यक्रम में लायन्स क्लब के डायरेक्टर पूरन राजलानी ने कहा कि बच्चों को हमें बचपन से ही पर्यावरण का महत्व समझाना पड़ेगा, गोविन्द चौरसिया ने कहा कि फलदार पौधे लगाने से वे खाने के काम तो आते है साथ ही बेचने से आर्थिक लाभ भी होता है, इसलिये हमारा नारा है गांव के घरों में पौधे लगाओं खाओं और कमाओं, कार्यक्रम में गुल्लू सेठ, नगर निगम के सहायक इंजीनियर श्री चौहान, काका होजरी के तुल्सी लालवानी, श्रीमति विश्वकर्मा, आरती चौरसिया, शंकर चौरसिया, श्री वैष्णव, प्राचार्य अकाश सोनी व गुरूकुल के संरक्षक ओम देव शास्त्री एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। स्कूल के आचार्यों एवं एवं बच्चों ने भी पौधा रोपण किया।



## पर्यूषण पर्व, पोला, गणेश उत्सव, दंगल, अखाड़ा, मेला और विजर्सन को लेकर शांति समिति की बैठक

**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** आने त्यौहार एवं पर्व को लेकर अमरवाड़ा अनु विभाग के अनु विभागीय अधिकारी हेमकरण धुर्वे तहसीलदार सृष्टि डेहरिया, नगर निरीक्षक राजेंद्र सिंह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष देवेंद्र जैन, एडवोकेट अशोक तिवारी की उपस्थिति में अमरवाड़ा पुलिस थाना प्रांगण में पोला, बड़गां, तीजा, गणेश स्थापना, पर्यूषण पर्वराज, गणेश उत्सव, अनंत चतुर्दशी के दिन, गणेश उत्सव मेला, दंगल अखाड़ा, विसर्जन, पर्युषण परविराज समापन पर विमान शोभा यात्रा को लेकर शांति समिति की बैठक में प्रस्ताव एवं निर्णय लिए गए जिसमें अधिकांश विषय नगर पालिका से संबंधित साफ-सफाई पेयजल व्यवस्था, डिवाइडर क्या हो रहा अधूरा कार्य रात्रि में कराया जाए, निर्माण का रोड के बीचो-बीच होने से परिवहन अवरोध हो रहा है विद्युत विभाग को ताकिद गई की लूज वायर सर्विस लाइन के ठीक कराया जाए, स्ट्रीट लाइट पुरी शहर की जहां भी बंद है वह चालू रखी जावे, बस स्टैंड पर सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस कर्मी की उपस्थित नियमित



रखने का सुझाव दिया गया, वहीं एसडीएम धुर्वे ने सार्वजनिक रूप से मानने वाली समितियां को निर्देश दिया कि बीच टिगढ्डा, चौरस्ता एवं रास्ते में जहां आवा -गमन अवरुद्ध हो ऐसे स्थान पर झांकियां ना बनाई जाए, स्थापना एवं विसर्जन पर डीजे प्रतिबंधित रहेंगे, पेयजल व्यवस्था का दुरुपयोग हो रहा है, कुछ स्थानों पर तीन चार-बार कहीं की भी लाइन खोलो वह नल आ रहे हैं विशेष कर नेमा जी से लेकर शिव मंदिर रोड सुभाष वार्ड पानी रोड पर बहता हुआ देखा जाता है उसे रोका जाए, क्योंकि सकरवाड़ा डैम में मात्र 65 प्रतिशत पानी है, आगामी दिनों में नगर पालिका को पानी की समस्या से दो-चार होना पड़ेगा। नगर पालिका को निर्देशित किया गया की गई कि शहर में साफसफाई पर्वों को देखकर दोनों समय की जाए सुबह एवं शाम कचरा गाड़ी रात्रि में 8:00 बजे से 10:00 बजे मेंनरोड में निकाला जावे, वाहन में दो कर्मचारी अलग से रहे जो रोड में पड़ा हुआ कचरा वाहन में डालेंगे। दुकानदारों से भी निवेदन किया गया है कि वह डस्टबिन बनाकर कचरा इकट्ठा करें रोड़ों पर ना फेंका जावे इसके लिए मुनादी करके सचेत किया जाए और बताएं अनुसार उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जावेगी। विसर्जन के बारे में बताया गया है कि विसर्जन मेला के दूसरे दिन सुबह से लेकर शाम 8:00 तक और दूसरे दिन मात्र दिन में विसर्जन होगा, विसर्जन के लिए वहां क्रेन की व्यवस्था वाहनों की व्यवस्था समिति को स्वयं करनी होगी। नगर पालिका के द्वारा विसर्जन स्थल पर पंडाल एवं शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस विभाग को निर्धारित स्थल पर पुलिस व्यवस्था एवं गोताखोरों की व्यवस्था के लिए सख्त निर्देश दिए गए।